JAC

GEO
Arts

Total No. of Pages : 31

पृष्ठों की कुल संख्या : 31

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

## ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2023

## GEOGRAPHY

**( Optional )**

Total Time : 3 Hours 20 minute | Full Marks : 70

कुल समय : 3 घंटे 20 मिनट | पूर्णांक : 70

**General Instructions / सामान्य निर्देश :**

This Question booklet has two Parts – **Part-A** and **Part-B**.

**Part-A** is of MCQ Type having 35 marks which are to be answered on the **OMR** Answer sheet which will be provided separately. **Part-A** has to answered first from 2.00 pm. to 3.35 pm and the **OMR** Answer Sheet has to be handed over to the Invigilator by 3.35 p.m.

**Part-B** is of Subjective Type having 35 marks which are to be answered in the Answer book provided separately. **Part-B** has to be answered from 3.40 p.m. to 5.20 p.m.

Candidates can take away the Question Booklet after completion of the Examination.

इस प्रश्न पुस्तिका में दो भाग हैं — **भाग–A** तथा **भाग–B**.

**भाग–A** में 35 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर अलग से दिये गये OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें । **भाग–A** के उत्तर पहले 2.00 अपराह्न से 3.35 अपराह्न तक हल करेंगे एवं इसके उपरान्त **OMR** उत्तर पत्रक वीक्षक को 3.35 अपराह्न पर लौटा देंगे ।

**भाग–B** में 35 अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके उत्तर अलग से दिये गये उत्तर पुस्तिका पर हल करें । **भाग–B** के उत्तर के लिए समय 3.40 अपराह्न से 5.20 अपराह्न तक निर्धारित है ।

परीक्षार्थी परीक्षा के उपरान्त प्रश्न पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।

JAC

# PART-A / भाग–A

## ( MCQ BASED QUESTIONS )

## ( बहुविकल्पीय आधारित प्रश्न )

| Class-12 (वर्ग–12) | Sub.-Geography (विषय–भूगोल) | F.M.-35 (पूर्णांक-35) | Time -1 Hour 30 Min. (समय–1 घंटा 30 मिनट) |
|---|---|---|---|

**INSTRUCTIONS / निर्देश :**

1. Carefully fill up the necessary particulars on the OMR Answer Sheet.
   सावधानी पूर्वक सभी विवरण OMR उत्तर पत्रक पर भरें ।
2. Put your full signature on the OMR Answer Sheet in the space provided.
   आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक पर दी गई जगह पर करें ।
3. There are 35 Multiple Choice Questions in this **Part**.
   इस भाग में कुल 35 बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं ।
4. ***All*** questions are compulsory. Each question carries **1** mark.
   **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता **1** अंक निर्धारित है।
5. There is no negative marking for any wrong answer.
   गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।
6. Read all the instructions provided on page 2 of the OMR Answer Sheet carefully and do accordingly.
   OMR उत्तर पत्रक के पृष्ठ 2 पर प्रदत्त सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उसके अनुसार कार्य करें।
7. Four options are given for each question. **You have to darken duly the most suitable answer on your OMR Answer Sheet.** Use only Blue or Black Ball-Point Pen. The use of Pencil is not allowed.
   प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिये गये हैं । **इनमें से सबसे उपयुक्त उत्तर को आप अपने OMR उत्तर पत्रक पर ठीक–ठीक गहरा काला करें।** केवल नीला या काला बॉल–प्वाइंट कलम का ही प्रयोग करें। पेंसिल का प्रयोग वर्जित है।
8. Adhere to the instructions provided in the OMR Answer Sheet very carefully otherwise your OMR Answer Sheet will be treated as invalid and it will not be evaluated.
   OMR उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन कीजिए अन्यथा आपका OMR उत्तर पत्रक अमान्य होगा और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

1. Which thought was given by Griffith Taylor ?

(1) Determinism (2) Possibilism

(3) Neo-determinism (4) None of these

ग्रिफिथ टेलर द्वारा कौन-सी विचारधारा दी गई थी ?

(1) नियतिवाद (2) संम्भववाद

(3) नव-नियतिवाद (4) इनमें से कोई नहीं

2. Most populated continent in the world is

(1) Australia (2) North America

(3) Asia (4) Africa

विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला महादेश है

(1) ऑस्ट्रेलिया (2) उत्तरी अमेरिका

(3) एशिया (4) अफ्रीका

3. Which of the following is the scale of human development index ?

(1) Health (2) Education

(3) Access to resources (4) All of these

मानव विकास सूचकांक का मापक निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(1) स्वास्थ्य (2) शिक्षा

(3) संसाधनों तक पहुँच (4) इनमें से सभी

4. In which of the following types of agriculture are citrus fruits grown ?

(1) Market gardening

(2) Plantation agriculture

(3) Mediterranean agriculture

(4) Co-operative farming

निम्नलिखित में से किस प्रकार की कृषि में खट्टे रसदार फलों की कृषि की जाती हैं ?

(1) बाजारीय सब्जी कृषि (2) रोपण कृषि

(3) भूमध्यसागरीय कृषि (4) सहकारी कृषि

5. Which one of the following types of industries produces raw materials for other industries ?

(1) Cottage Industries

(2) Small scale Industries

(3) Basic Industries

(4) Foot loose Industries

निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रकार का उद्योग अन्य उद्योगों के लिए कच्चे माल का उत्पादन करता है ?

(1) कुटीर उद्योग (2) छोटे पैमाने के उद्योग

(3) आधार भूत उद्योग (4) स्वच्छन्द उद्योग

6. Which one of the following is a tertiary activity ?

(1) Farming (2) Trading

(3) Weaving (4) Hunting

निम्नलिखित में से कौन-सा एक तृतीयक क्रियाकलाप है ?

(1) खेती (2) व्यापार

(3) बुनाई (4) आखेट

7. Which country has the highest density of railway network ?

(1) Brazil (2) U.S.A.

(3) Canada (4) Russia

किस देश में रेलमार्गों के जाल का सघनतम घनत्व पाया जाता है ?

(1) ब्राजील (2) संयुक्त राज्य अमेरिका

(3) कनाडा (4) रूस

8. Headquarters of WTO is at

(1) Geneva (2) Vienna

(3) New York (4) Washington

विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ है ?

(1) जिनेवा में (2) वियना में

(3) न्यूयार्क में (4) वाशिंगटन में

9. What kind of activities are generally found in rural settlements ?

(1) Primary activities

(2) Secondary activities

(3) Tertiary activities

(4) None of these

निम्नलिखित आर्थिक क्रियाओं में कौन-सा ग्रामीण अधिवासों से सम्बन्धित हैं ?

(1) प्राथमिक क्रियाएँ

(2) द्वितीयक क्रियाएँ

(3) तृतीयक क्रियाएँ

(4) इनमें से कोई नहीं

10. Which of the following is a religious town ?

(1) Jamshedpur (2) Varanasi

(3) Bhilai (4) Rourkela

निम्नलिखित में कौन-सा धार्मिक नगर है ?

(1) जमशेदपुर (2) वाराणसी

(3) भिलाई (4) राउरकेला

11. Which state has the highest population in India ?

(1) Bihar (2) West Bengal

(3) Uttar Pradesh (4) Maharashtra

भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है ?

(1) बिहार (2) पश्चिम बंगाल

(3) उत्तर प्रदेश (4) महाराष्ट्र

12. Percentage of urban population in India is

(1) 31% (2) 41%

(3) 51% (4) 61%

भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत है

(1) 31% (2) 41%

(3) 51% (4) 61%

13. The factors of migration which attract people from various places are known as

(1) Immigration (2) Emigration

(3) Pull factors (4) Push factors

प्रवास के वे कारण जो विभिन्न स्थानों से लोगों को आकर्षित करते हैं, है

(1) आप्रवास (2) उत्प्रवास

(3) अपकर्ष कारक (4) प्रतिकर्ष कारक

14. Which state of India has the highest female literacy rate in the year 2011 ?

(1) Tamil Nadu (2) Bihar

(3) Kerala (4) Himachal Pradesh

वर्ष 2011 में भारत में किस राज्य में स्त्री साक्षरता उच्चतम रही थी ?

(1) तमिलनाडु (2) बिहार

(3) केरल (4) हिमाचल प्रदेश

15. The largest city of India is

(1) Kolkata (2) Delhi

(3) Mumbai (4) Chennai

भारत का सबसे बड़ा नगर है

(1) कोलकाता (2) दिल्ली

(3) मुम्बई (4) चेन्नई

16. Green revolution was introduced in India in

(1) 1950s (2) 1960s

(3) 1970s (4) 1980s

भारत में हरित क्रांति की शुरूआत हुई

(1) 1950 के दशक में

(2) 1960 के दशक में

(3) 1970 के दशक में

(4) 1980 के दशक में

17. Which of the following is not a plantation crop ?

(1) Rubber (2) Tea

(3) Coffee (4) Maize

निम्नलिखित में से कौन-सी रोपण फसल नहीं है ?

(1) रबड़ (2) चाय

(3) कॉफी (4) मक्का

18. Two excessively polluted rivers of India are

(1) Narmada and Tapti

(2) Mahanadi and Godavari

(3) Ganga and Yamuna

(4) Krishna and Kaveri

भारत की दो अत्यधिक प्रदूषित नदियाँ हैं

(1) नर्मदा व ताप्ती

(2) महानदी व गोदावरी

(3) गंगा व यमुना

(4) कृष्णा व कावेरी

19. Haldia Oil Refinery is located in the state of

(1) Odisha (2) West Bengal

(3) Jharkhand (4) Bihar

हल्दिया तेल शोधन कारखाना अवस्थित है

(1) ओडिशा में

(2) पश्चिम बंगाल में

(3) झारखण्ड में

(4) बिहार में

20. Jharia region is famous for

(1) Coal

(2) Copper

(3) Bauxite

(4) Mica

झरिया क्षेत्र किसके लिए प्रसिद्ध है ?

(1) कोयला

(2) ताँबा

(3) बॉक्साइट

(4) अभ्रक

21. Bokaro Steel Centre is

(1) Private sector

(2) Public sector

(3) Joint sector

(4) None of these

बोकारो इस्पात केन्द्र है

(1) निजी क्षेत्र (2) सार्वजनिक क्षेत्र

(3) संयुक्त क्षेत्र (4) इनमें से कोई नहीं

22. Which of the following cities is known as the 'Manchester of India' ?

(1) Chennai (2) Ahmadabad

(3) Punjab (4) Maharashtra

निम्नलिखित में से किस शहर को 'भारत का मैनचेस्टर' कहा जाता है ?

(1) चेन्नई (2) अहमदाबाद

(3) पंजाब (4) महाराष्ट्र

23. The longest National Highway in India is

(1) NH-19 (2) NH-44

(3) NH-22 (4) NH-26

भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है

(1) NH-19 (2) NH-44

(3) NH-22 (4) NH-26

24. The North-South corridor connects

(1) Jammu to Chennai

(2) Varanasi to Chennai

(3) Srinagar to Kanyakumari

(4) Varanasi to Kanyakumari

उत्तर-दक्षिण गलियारा जोड़ता है

(1) जम्मू को चेन्नई से

(2) वाराणसी को चेन्नई से

(3) श्रीनगर को कन्याकुमारी से

(4) वाराणसी को कन्याकुमारी से

Between which of the following cities was the first Railway Line of India laid ?

(1) Mumbai – Goa

(2) Mumbai – Pune

(3) Mumbai – Thane

(4) Mumbai – Ahmadabad

भारत की प्रथम रेलवे लाइन किन नगरों के मध्य निर्मित की गई थी ?

(1) मुम्बई – गोवा (2) मुम्बई – पुणे

(3) मुम्बई – थाणे (4) मुम्बई – अहमदाबाद

Kolkata Port is located in

(1) Kerala (2) West Bengal

(3) Odisha (4) Mumbai

कोलकाता बंदरगाह स्थित है

(1) केरल में

(2) पश्चिम बंगाल में

(3) ओडिशा में

(4) मुम्बई में

27. Where is 'Dharavi slum' situated ?

(1) Mumbai (2) Kolkata

(3) Delhi (4) Chennai

'धारावी बस्ती' कहाँ अवस्थित है ?

(1) मुम्बई में (2) कोलकाता में

(3) दिल्ली में (4) चेन्नई में

Which one of the following is the cause of acid rain ?

(1) Water pollution (2) Land pollution

(3) Noise pollution (4) Air pollution

निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल वर्षा का एक कारण है ?

(1) जल प्रदूषण (2) भूमि प्रदूषण

(3) ध्वनि प्रदूषण (4) वायु प्रदूषण

Who wrote 'Geographia Generalis' ?

(1) Vidal de la Blache

(2) Bernhardus Varenius

(3) Francis Bacon

(4) Charles Darwin

'ज्योग्राफिया जेनरलिस' किसने लिखी ?

(1) विडाल डी ला ब्लाश

(2) बर्नहार्डस वेरेनियस

(3) फ्रांसिस बेकन

(4) चार्ल्स डार्विन

30. Which of the following geographical factors have affected distribution of population ?

(1) Climate

(2) Soil

(3) Availability of water

(4) All of these

निम्नलिखित में से जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं ?

(1) जलवायु

(2) मृदा

(3) जल की उपलब्धता

(4) इनमें से सभी

Which one of the following countries has the lowest sex-ratio in the world ?

(1) Iran

(2) Pakistan

(3) Saudi Arabia

(4) Iraq

विश्व में निम्नलिखित में से किस देश का न्यूनतम लिंग-अनुपात हैं ?

(1) इरान

(2) पाकिस्तान

(3) सऊदी अरब

(4) इराक

Which settlement pattern is found in hilly areas ?

(1) Rectangular (2) Terraced

(3) Fan (4) Star

पर्वतीय प्रदेशों में किस प्रतिरूप के अधिवास पाये जाते हैं ?

(1) आयताकार

(2) सीढ़ीनुमा

(3) पंखानुमा

(4) तारानुमा

33. Where is Bushman racial group found ?

(1) America (2) Africa

(3) Europe (4) Asia

बुशमैन प्रजाति समूह कहाँ पाए जाते हैं ?

(1) अमेरिका (2) अफ्रीका

(3) यूरोप (4) एशिया

Damodar Valley Corporation (DVC) is located in

(1) Maharashtra

(2) Jharakhand

(3) Odisha

(4) Uttarakhand

दामोदर घाटी परियोजना (DVC) स्थित है

(1) महाराष्ट्र में

(2) झारखण्ड में

(3) ओडिशा में

(4) उत्तराखण्ड में

35. Bituminous is a type of which mineral ?

(1) Iron (2) Mica

(3) Coal (4) Bauxite

बिटुमिनस किस खनिज का प्रकार है ?

(1) लोहा (2) अभ्रक

(3) कोयला (4) बॉक्साइट

JAC

# PART-B / भाग–B

## ( SUBJECTIVE BASED QUESTIONS )

## ( विषयनिष्ठ आधारित प्रश्न )

| Class-12 (वर्ग–12) | Sub.-Geography (विषय–भूगोल) | F.M.-35 (पूर्णांक -35) | Time -1 Hour 30 Min. (समय–1 घंटा 30 मिनट) |
|---|---|---|---|

**INSTRUCTIONS / निर्देश :**

1. Examinees are required to answer in their own words as far as practicable.

   परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

2. This question paper has three sections : **A, B** and **C**. Total number of questions is **19**.

   इस प्रश्नपत्र में तीन खण्ड – **A, B** एवं **C** हैं । कुल प्रश्नों की संख्या **19** है ।

3. **Section-A** — Question Nos. **1 - 7** are *Very short answer type.* Answer any *five* of these questions in maximum 30 words each. Each question carries 1 mark.

   **खण्ड–A** में प्रश्न संख्या **1 - 7 अति लघु उत्तरीय प्रकार** के हैं । इनमें से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक निर्धारित है ।

4. **Section-B** — Question Nos. **8 - 14** are *Short answer type.* Answer any *five* of these questions in maximum **50** words each. Each question carries 3 marks.

**खण्ड–B** — प्रश्न संख्या **8 - 14** लघु उत्तरीय हैं । इनमें से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **50** शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 3 अंक निर्धारित है ।

5. **Section-C** — Question Nos. **15 - 19** are *Long answer type.* Answer any *three* of these questions in maximum 100 words each. Each question carries **5** marks.

**खण्ड–C** — प्रश्न संख्या **15 - 19** दीर्घ उत्तरीय हैं । इनमें से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता **5** अंक निर्धारित है ।

## Section - A

## खण्ड - A

**( Very short answer type questions )**

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

Answer any *five* questions. $1 \times 5 = 5$

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें।

1. Define the term "Migration".

   "प्रवास" को परिभाषित करें।

2. Define 'slash and burn' agriculture.

   'कर्तन और दहन' कृषि को परिभाषित करें।

3. What do you understand by secondary activities ?

   द्वितीयक क्रियाकलाप से आप क्या समझते हैं ?

4. What is tourism ?

   पर्यटन क्या है ?

5. What is meant by transport ?

परिवहन से क्या अभिप्राय है ?

6. What are Rural Settlements ?

ग्रामीण बस्तियाँ क्या हैं ?

7. Name any one ferrous mineral.

कोई भी एक लौह-खनिज का नाम लिखें ।

## Section - B

## खण्ड - B

**( Short answer type questions )**

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

Answer any *five* questions. 3 × 5 = 15

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें।

8. Describe any three characteristics of household industries.

कुटीर उद्योग के किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख करें ।

9. Write three advantages of road transport.

सड़क परिवहन के तीन लाभ लिखिए ।

10. Explain the non-conventional sources of energy.

गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोतों का वर्णन कीजिए ।

11. Suggest any three methods for rain water conservation.

वर्षा जल संरक्षण की किन्हीं तीन विधियाँ बताइए ।

12. Describe three major achievements of Green Revolution in India.

भारत में हरित क्रान्ति की तीन मुख्य उपलब्धियों का वर्णन कीजिए ।

13. Explain the major characteristics of clustered settlement.

गुच्छित बस्तियों की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

14. State any three characteristics of commercial livestock farming.

वाणिज्यिक पशुधन पालन की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

## Section - C

## खण्ड - C

**( Long answer type questions )**

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

Answer any *three* questions. 5 × 3 = 15

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें।

15. Describe the geographical factors influencing the population distribution around the world.

    विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारकों की व्याख्या कीजिए ।

16. Discuss any five patterns of Rural settlement.

    ग्रामीण अधिवास के किन्हीं पाँच प्रतिरूपों की विवेचना कीजिए ।

17. Explain the factors affecting the localization of an industry.

    किसी उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए ।

18. Explain the problems of Indian agriculture.

    भारतीय कृषि की समस्याओं की व्याख्या कीजिए ।

19. Show the following in the map of world provided :

(a) Canada

(b) China

(c) Russia

(d) Saudi Arabia

(e) Kolkata.

प्रदत्त संसार के मानचित्र में निम्नलिखित को दिखाइए :

(a) कनाडा

(b) चीन

(c) रूस

(d) सऊदी अरब

(e) कोलकाता ।